FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

PRESS NOTE

संख्या–1052/प्रेसनोट/अ0सं0/2015/616–34 19 अपैल *2015*

सीमा सुरक्षा बल स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में अकादमी टेकनपुर में "साइकिल (सफारी) रैली" का आयोजन

टेकनपुर । बीएसएफ अपने 49 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2015 को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। इस वर्ष में सीमा सुरक्षा बल के सभी मुख्यालयों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना योजनावत है। इसी क्रम में दिनांक 19 अप्रेल 2015 को अकादमी टेकनपुर में डॉ. ए पी माहेश्वरी, भापुसे, निदेशक अकादमी के मागदर्शन में, उप निरीक्षक (सीधी भर्ती) बैच क्रमांक – 61 एवं उप निरीक्षक (विभागीय भर्ती) बैच क्रमांक – 09 के प्रशिक्षुओं द्वारा डबरा–झांसी हाईवे पर लगभग 80 किलोमीटर तक साइकिल सफारी रैली का आयोजन किया गया।

इस विशाल रैली को डॉ. ए पी माहेश्वरी, भापुसे, निदेशक अकादमी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। निदेशक महोदय ने अकादमी ने अन्य अधिकारियों के साथ स्वयं इस रैली का नेतृत्व किया व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस रैली में सीसुबल के लगभग 200 अधिकारियों एवं प्रशिक्षु अधीनस्थ अधिकारियों ने भाग लिया।

इस रैली में डॉ. ए पी माहेश्वरी, भापुसे, निदेशक अकादमी के साथ श्री पी एस बैंस, डीआईजी/कार्यवाहक उप निदेशक, श्री अमरजीत सिंह, डीआईजी, एसटीएस, श्री एन एस औजला, कमाण्डेंट, एसटीएस, श्री गुरमिन्दर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी/एडज्यूटेंट व इनकी पत्नी श्रमती मन्दीप कौर ने भी , उप निरीक्षक (सीधी भर्ती) बैच क्रमांक – 61 एवं उप निरीक्षक (विभागीय भर्ती) बैच क्रमांक – 09 के प्रशिक्षुओं के साथ हिस्सेदारी की।

कमाण्डेन्ट
अध्ययन संकाय

नोट – प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये।